# राजस्थान समसामयिकी सितम्बर, 2022

# राजस्थान समसामयिकी सितम्बर, 2022
# (Current News from Daily News Papers)

## News Paper of 1 September, 2022

- **मनरेगा में राजस्थान में नियोजित मेट की प्रति दिवस मजदूरी ₹ 235 से बढ़ाकर ₹ 240 की गई–**

हाल ही में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अन्तर्गत राजस्थान में नियोजित मेट की प्रतिदिन मजदूरी ₹ 235 से बढ़ाकर ₹ 240 की गई है।

मनरेगा में केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार अर्द्धकुशल श्रमिकों (मेट) पर किए गए व्यय को सामग्री की श्रेणी में माना जाता है। सामग्री व्यय का 75 प्रतिशत केन्द्र सरकार तथा 25 प्रतिशत राजस्थान सरकार वहन करती है।

## News Paper of 2 September, 2022

- **1 सितम्बर, 2022 से राजस्थान में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ई-व्हीकल) पॉलिसी लागू की गई–**

1 सितम्बर, 2022 से राजस्थान में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ई-व्हीकल) पॉलिसी लागू की गई है। ई-व्हीकल पॉलिसी में ई-व्हीकल पर अनुदान की व्यवस्था भी की गई है। इस ई-व्हीकल पॉलिसी के अनुसार पहली 500 इलेक्ट्रिक बसों पर 1 लाख से 5 लाख तक का अनुदान दिया जाएगा तथा पहली 200 बसों को रेट्रोफिटमेंट उपकरण की कीमत का 15 प्रतिशत या 2.5 लाख तक का अनुदान दिया जाएगा। इस नीति के अनुसार SGST को 100 प्रतिशत पुनर्भुगतान किया जाएगा। चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए राज्य सरकार से किसी भी प्रकार की लाइसेंस लेने की आवश्यकता नहीं है। प्रथम 100 चार्जिंग स्टेशनों को बिजली आपूर्ति ढांचा विकसित करने के लिए पाँच लाख रुपए तक अनुदान दिया जाएगा तथा चार्जिंग के लिए विद्युत दर 6 रुपए प्रति यूनिट होगी।

ई-व्हीकल पॉलिसी मे निम्न रियायतें दी गई हैं–

- ♦ प्रथम एक लाख दुपहिया वाहनों को 2 से 10 हजार रुपए तक रियायत।
- ♦ 25 हजार तिपहिया यात्री वाहनों (ऑटो रिक्शा व ई-रिक्शा) को 4 से 20 हजार रुपए तक रियायत।
- ♦ प्रथम 25 हजार भार वाहन (टैम्पो) को 4 हजार से 20 हजार रुपए तक रियायत।
- ♦ चौपहिया वाहन (अधिकतम 20 लाख रुपए तक एक्स शोरूम कीमत वाले) को 30 से 50 हजार रुपए तक रियायत। इनमें पहले एक हजार निजी, एक हजार व्यावसायिक (टैक्सी) व 2 हजार मैक्सी कैब व भार वाहन होंगे। यह छूट व रियायत 1 सितम्बर के बाद खरीदे गए वाहनों पर होगी।

## News Paper of 4 September, 2022

- **राजसीको चेयरमैन राजीव अरोड़ा राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के पहले चेयरमैन बने–**

हाल ही में राजस्थान में उद्योगों के निर्यात संबंधी विषयों की मॉनिटरिंग और उनसे संबंधित परेशानियों को दूर करने के लिए गठित राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का राजसीको चेयरमैन राजीव अरोड़ा को पहला चेयरमैन निर्विरोध रूप से चुना गया है। राजीव अरोड़ा 'राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल' के पहले चेयरमैन बने हैं।

## News Paper of 5 September, 2022

- **राजस्थान सरकार ने जोधपुर में बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय खोलने की स्वीकृति दी–**

हाल ही में राजस्थान सरकार ने जोधपुर में 5 बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय खोलने की स्वीकृति दी है। ये सीडीपीओ कार्यालय जोधपुर के पाँच ब्लॉक पीपाड़ शहर, लोहावट, देंचू, सेंखला एवं बापनी में खुलेंगे।

सीपीडीओ कार्यालय में होने वाले कार्य–

सीपीडीओ कार्यालयों के माध्यम से 0-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास के बारे में जानकारी ली जाती है और कमजोर बच्चों को पोषण सामग्री वितरित की जाती है। इसके अलावा गर्भवती और धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य, आवश्यक टीकाकरण आदि की जानकारी, बच्चों में होने वाले रोगों के बचाव एवं रोकथाम, किशोरियों के सम्पूर्ण विकास आदि से जुड़ी जानकारी साझा की जाती है एवं 3-6 आयु वर्ग के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पूर्व प्राथमिक शिक्षा दी जाती है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## News Paper of 7 September, 2022

- **राजस्थान में सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की जीवन रक्षा के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना' की शुरुआत की–**

हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की जीवन रक्षा के लिए 6 सितम्बर, 2022 को 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना' की शुरुआत की गई है। इस योजना का ट्रायल 22 जून से प्रारम्भ हुआ था और 6 सितम्बर, 2022 से यह पूरे प्रदेश में नियमित रूप से लागू हो गई है।

इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल देश के किसी भी राज्य का निवासी बिना किसी FIR (एफआईआर) अथवा औपचारिकता के इस योजना से संबद्ध निजी एवं सरकारी अस्पताल में 72 घंटे तक नि:शुल्क उपचार प्राप्त कर सकता है। इसके लिए चिरंजीवी योजना का पात्र होना आवश्यक नहीं है।

राजस्थान का हैल्थ मॉडल–

- ♦ राजस्थान में बजट का 7% चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च किया जा रहा है।
- ♦ राजस्थान में 88% परिवार स्वास्थ्य बीमा के दायरे में आते हैं, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर औसत मात्र 41% है।
- ♦ चिरंजीवी योजना में अब तक 21.4 लाख मरीज ₹ 2,111.41 करोड़ के नि:शुल्क उपचार से लाभान्वित हुए हैं।
- ♦ चिरंजीवी योजना से जुड़े अस्पतालों को 21 दिन के अंदर भुगतान दिया जाता है।

- **प्रत्यक्ष लाभ हस्तान्तरण (डीबीटी) में राजस्थान पूरे देश में चौथे स्थान पर रहा–**

ई-गवर्नेंस के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तान्तरण (डीबीटी) में राजस्थान पूरे देश में चौथे स्थान पर है। राजस्थान की 'जन आधार योजना' के तहत लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी रुकावट के लाभार्थी तक सीधे उसके बैंक खाते में दिया जा रहा है। जिससे योजनाओं का लाभ सरलता एवं सुगमता से पहुँचता है। अब तक लाभार्थियों के बैंक खातों में 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक हस्तान्तरण किए जा चुके हैं। राजस्थान सरकार की 70 से अधिक योजनाएं जन आधार कार्ड से जुड़ी हुई हैं।

## News Paper of 8 September, 2022

- **राजस्थान को नशा मुक्त बनाने के लिए एंटी नारकोटिक्स आयुक्तालय, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) तथा एन्टी नारकोटिक्स यूनिट गठित करने की मंजूरी दी गई–**

हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा राज्य को नशामुक्त बनाने के लिए एंटी नारकोटिक्स आयुक्तालय, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) तथा एंटी नारकोटिक्स यूनिट (एएनयू) का गठन करने के लिए मंजूरी दी गई है। ये तीनों एनफोर्समेंट का कार्य करेंगी जिसके अन्तर्गत–

- ♦ प्रस्तावित टास्क फोर्स नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) सचिवालय के रूप में कार्य करेगी।
- ♦ एनसीओआरडी की बैठकों के निर्णयों की क्रियान्विति सुनिश्चित करेगी।
- ♦ नशीली दवाओं को तस्करी के खिलाफ कानून लागू करने के लिए रणनीति, उपाय एवं तरीकों पर सुझाव देगी, दवाओं के दुरुपयोग को रोकने, पीड़ितों के पुनर्वास एवं जागरुकता के प्रसार आदि उद्देश्यों के लिए संबंधित हितधारकों, विभागों, सरकारी एजेंसियों एवं पुलिस इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित करेगी।
- ♦ टास्क फोर्स पुलिस, स्वास्थ्य और अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा दवाओं की तस्करी में लिप्त पाए जाने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करेगी।
- ♦ विभिन्न विभागों द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग से संबंधित आंकड़ों का आकलन कर नीति में बदलाव के लिए राज्य सरकार को सिफारिश करेगी।
- ♦ महानिरीक्षक पुलिस एसओजी की अध्यक्षता में एंटी नारकोटिक्स यूनिट नशे के खिलाफ कार्य करेगी

- **'राजीव गाँधी जल संचय योजना' का दूसरा चरण शुरू करने संबंधी आदेश जारी हुए–**

हाल ही में राजस्थान सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल के संग्रहण तथा भूमि कटाव को नियंत्रित करने के क्रम में 'राजीव गाँधी जल संचय योजना' के दूसरे चरण को शुरू करने संबंधी मंजूरी के आदेश जारी किए हैं। ये आदेश ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने जारी किए हैं। इस योजना के दूसरे चरण के अनुसार–

- ♦ इस अभियान में प्रदेश की 352 पंचायत समितियों के 4,500 गांव शामिल होंगे।
- ♦ योजना के द्वितीय चरण के प्रमुख उद्देश्य आम जनता से चर्चा कर तय किए जाएँगे।
- ♦ इनमें पक्के एनीकट, एमआईटी, डब्ल्यूएचएस एवं एमएसटी के निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी।
- ♦ परंपरागत पेयजल एवं जल स्रोतों को पुनर्जीवित कराने के लिए विभिन्न वित्तीय संसाधनों का कन्वर्जेन्स किया जाएगा।
- ♦ योजना के दूसरे चरण की कार्य अवधि 2 वर्ष रहेगी।
- ♦ इस योजना में प्रभावी क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग के लिए

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर समितियां गठित की गई हैं।

**योजना के उद्देश्य**–गांवों में पेयजल की कमी को दूर करने हेतु पीने के पानी को गांवों के नजदीक उपलब्ध कराना, भू-जल स्तर में वृद्धि करना, वर्षा जल का संग्रहण एवं संरक्षण कर इससे सिंचित एवं कृषि योग्य क्षेत्रफल को बढ़ाना इत्यादि।

## News Paper of 10 September, 2022

- **राजस्थान में मनरेगा की तर्ज पर इंदिरा गाँधी शहरी रोजगार गारंटी योजना का शुभारम्भ हुआ; मांगने पर 100 दिन का रोजगार मिलेगा; मजदूरी/दिन - उच्च कुशल ₹ 333, कुशल ₹ 283, मेट ₹ 271, अकुशल ₹ 259–**

9 सितम्बर, 2022 को मनरेगा की तर्ज पर राजस्थान के 213 नगरीय निकायों में इंदिरा गाँधी शहरी रोजगार गारंटी योजना का शुभारम्भ किया गया। इस योजना का शुभारम्भ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा जयपुर में घाट की घूणी स्थित अम्बेडकर भवन से किया गया। इंदिरा गाँधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में निम्न कार्य होंगे–

- ♦ पर्यावरण व जल संरक्षण
- ♦ स्वच्छता व सेनिटेशन
- ♦ कन्वर्जेंस
- ♦ सेवा संबंधी कार्य
- ♦ हेरिटेज संरक्षण एवं इनसे संबंधित अन्य कार्य।

इस योजना से जोड़ने के लिए 2.25 लाख जॉब कार्ड बने हैं तथा 3.51 लाख से अधिक लोग जुड़े हैं एवं 99 हजार परिवारों ने रोजगार मांगा है। इस योजना में कुल ₹ 800 करोड़ खर्च होंगे तथा प्रतिदिन मजदूरी दर अकुशल श्रमिक ₹ 259, मेट श्रमिक ₹ 271, कुशल श्रमिक ₹ 283 एवं उच्च कुशल श्रमिक ₹ 333 निर्धारित है। इस योजना में मांगने पर 100 दिन का रोजगार मिलेगा।

इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के सफलतापूर्वक संचालन के लिए संविदाकर्मियों की नियुक्ति की जा रही है, जिनके पद एवं मानदेय निम्न हैं–

| **इंदिरा गाँधी शहरी रोजगार योजना में संविदाकर्मियों का मानदेय–** | |
|---|---|
| कनिष्ठ तकनीकी सहायक | – ₹ 20,000 |
| लेखा सहायक | – ₹ 12,000 |
| एमआइएस मैनेजर | – ₹ 12,000 |
| शहरी रोजगार सहायक | – ₹ 7,500 |
| मल्टी टास्क वर्कर, होमगार्ड | – ₹ 7,000 |

## News Paper of 11 September, 2022

- **राज्य में 10 हवाई पट्टियों के विस्तार एवं सुविधाओं को वित्तीय मंजूरी मिली; ₹ 37.75 करोड़ की स्वीकृति दी गई–**

हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा राज्य की विभिन्न जिलों की 10 हवाई पट्टियों के विस्तार एवं सुविधाओं को बढ़ाने के लिए ₹ 37.75 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति से रन-वे की कारपेंटिंग, बाउण्ड्री तथा कम्पाउण्ड, वॉल निर्माण तथा नवीनीकरण से संबंधित कार्य होंगे। ये हवाई पट्टियाँ निम्न हैं–

| हवाई पट्टी का स्थान | स्वीकृत राशि (₹ में) |
|---|---|
| कोलाना (झालावाड़) | 14 करोड़ |
| आबू रोड (सिरोही) | 4 करोड़ |
| फलौदी (जोधपुर) | 1.97 करोड़ |
| तलवाड़ा (बांसवाड़ा) | 3.4 करोड़ |
| पड़िहारा (चूरू) | 4.6 करोड़ |
| सिरोही | 4.5 करोड़ |
| तारापुरा (सीकर) | 2 करोड़ |
| कुम्हेर (भरतपुर) | 2 करोड़ |
| सवाई माधोपुर | 1.23 करोड़ |
| हमीरगढ़ (भीलवाड़ा) | 5 लाख |

- **राजस्थान के मोहनलाल और आशाराम को शिल्प गुरु अवॉर्ड–**

हाल ही में भारत सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल ने वर्ष 2019 के लिए शिल्प गुरु अवॉर्ड और नेशनल अवॉर्डीज की घोषणा की है इसमें–

- ♦ शिल्प गुरु अवॉर्ड जयपुर के तारकशी आर्टिस्ट मोहनलाल शर्मा (जांगिड़) और मिनिएचर पेंटिंग में आशाराम मेघवाल को मिलेगा।
- ♦ डिजाइन इनोवेशन अवॉर्ड डिजाइनर नेहा भाटिया और धर्मेन्द्र सिंह भल्ला को मिलेगा।

इन्हें राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा नई दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## News Paper of 12 September, 2022

- **रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के बफर एरिया में सफारी की शुरुआत होगी; वाइल्ड लाइफ ने बफर एरिया में 12-12 किमी. लम्बे दो ट्रेक प्रस्तावित किए –**

देश के 52वें और राजस्थान के चौथे (4th) टाइगर रिजर्व में जल्द ही सफारी की शुरुआत होना प्रस्तावित है। इसके लिए वाइल्ड लाइफ ने बफर एरिया में 12-12 किमी. लम्बे दो ट्रेक प्रस्तावित किए हैं। इससे पर्यटन बढ़ेगा तथा सफारी होने से पर्यटक ज्यादा आनन्द ले सकेंगे।

टाइगर रिजर्व बनने के बाद यहां एक बाघ टी-115 व एक बाघिन टी-102 हैं।

**विशेष :** राजस्थान के अन्य टाइगर रिजर्व – रणथम्भौर, सरिस्का एवं मुकुन्दरा हिल्स।

- **27 सितम्बर, 2022 से 'विशेष योग्यजन आयुक्त आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा–**

राजस्थान में विशेष योग्यजन आयुक्तालय द्वारा 27 सितम्बर, 2022 से 'विशेष योग्यजन आयुक्त आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य के 7 संभागों की 392 तहसीलों में शिविर लगाए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत बीकानेर संभाग की नोखा तहसील से की जाएगी। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष योग्यजन से संबंधित कार्यक्रम – विशेष योग्यजन प्रमाण-पत्र, उपकरण वितरण, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना और अन्य योजनाओं से इन्हें जोड़ा जाएगा।

## News Paper of 13 September, 2022

- **लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में नेशनल डिफेंस एमएसएमई कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया–**

12 सितम्बर, 2022 को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा के दशहरा मैदान में नेशनल डिफेंस एमएसएमई कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया। वर्तमान में आत्मनिर्भर भारत के तहत सरकार ऐसी नीतियां एवं कार्यक्रम लाई है, जिसमें नवाचार के माध्यम से उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही सरकार मेक इन इंडिया को एक संकल्प के रूप में लेते हुए रिसर्च व डवलपमेंट को प्रोत्साहित कर रही है।

- **51वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप में राजस्थान चैंपियन बना; स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा–**

हाल ही में राजस्थान ने 51वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त कर इतिहास रचा है। राजस्थान की टीम ने सर्विसेज को 37-34 से हराया। गत चैंपियनशिप में राजस्थान टीम उपविजेता रही थी।

राजस्थान का हैंडबॉल चैंपियनशिप में प्रदर्शन–

| वर्ष | स्थान | पदक |
|---|---|---|
| 2022-23 | लखनऊ | स्वर्ण पदक |
| 2021-22 | जयपुर | रजत पदक |
| 2020-21 | इंदौर | कांस्य पदक |
| 2003-04 | भिलाई | रजत पदक |
| 1999-2000 | पुणे | रजत पदक |

- **राज्य सरकार रूफटॉप सोलर से प्राप्त अतिरिक्त बिजली ₹ 3.14 के स्थान पर ₹ 2 में खरीदेगी–**

हाल में विद्युत वितरण कंपनियों ने राज्य में रूफटॉप सोलर से घरेलू उपभोक्ताओं को मिल रही बिजली की दर को ₹ 3.14 से कम करके ₹ 2 कर दिया है। यह राज्य विद्युत विनियामक आयोग द्वारा निर्धारित दर के आधार पर किया गया है। वर्तमान में राजस्थान में 777 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर से 28 हजार विद्युत उपभोक्ता जुड़े हुए हैं।

## News Paper of 14 September, 2022

- **भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM), उदयपुर ने वैश्विक रैंकिंग में 81वीं रैंक हासिल की–**

हाल ही में जारी वैश्विक रैंकिंग में आईआईएम उदयपुर ने दो वर्षीय एमबीए प्रोग्राम के लिए प्रतिष्ठित एफटी मास्टर्स इन मैनेजमेंट-2022 की वैश्विक रैंकिंग में 81वीं रैंक हासिल की है। इस सूची में मैनेजमेंट एजुकेशन की टॉप ग्लोबल कॉलेज, टॉप-100 में 4 आईआईएम शामिल हैं।

- **राजस्थान में ई-मित्र के माध्यम से बुजुर्गों दिव्यांगों व एकल महिलाओं के लिए सीएम आश्रित सेवा योजना शुरू होगी; घर बैठे ई-मित्र की फ्री सेवाएं मिलेंगी–**

हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में बुजुर्गों, दिव्यांगों व एकल महिलाओं के लिए सीएम आश्रित सेवा योजना शुरू किए जाने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके तहत घर बैठे ई-मित्र की फ्री सेवाएं मिल सकेंगी। इससे संबंधित 'ई-मित्र @ होम' योजना पहले से राज्य में चल रही है।

सीएम आश्रित सेवा योजना के लिए सर्विस फेसिलेटर को प्रशिक्षित किया जाएगा। ये आश्रित व्यक्ति यथा बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं एकल महिलाओं के घर जाकर जाति व मूल निवास प्रमाण-पत्र बनाने, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, पेंशन व पालनहार सहित विभिन्न योजनाओं के पात्र लोगों के लिए लाभ स्वीकृत करवाने जैसे काम करेंगे। इसके लिए निर्धारित

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

श्रेणी में आने वाले लोग सीएम हेल्प लाईन पर कॉल करके योजना का लाभ ले सकते हैं।

- **इंडियन रोड्स कांग्रेस (आईआरसी) ने कुछ सड़क चिह्नों में बदलाव व कुछ नए चिह्न प्रकाशित किए हैं; नई चिह्न श्रेणियां, नए सड़क चिह्न, नवीन परिभाषाएं तथा पुराने सड़क चिह्नों के स्वरूप में संशोधन किया गया; इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग के लिए चार्जिंग स्टेशन और ट्रेफिक सिग्नल पर फ्री लेफ्ट टर्न के नए लोगो होंगे–**

हाल ही में केन्द्र सरकार की सड़क मानकों का सृजन करने वाली संस्था इंडियन रोड्स कांग्रेस (आईआरसी) ने कुछ सड़क चिह्नों में बदलाव किया है तथा कुछ नए सड़क चिह्न प्रकाशित किए हैं। इसमें नई चिह्न श्रेणियां, नए सड़क चिह्न, नवीन परिभाषाएं तथा कुछ पुराने सड़क चिह्नों के स्वरूप में संशोधन किया है।

निम्न बदलाव किए गए हैं–

- 'आगे विद्यालय है' का चिह्न अब फ्लोरोसेंट ग्रीन में होगा। पहले इसका कोई कलर निर्धारित नहीं था।
- 'कार्य प्रगति पर है' का चिह्न पीली पृष्ठभूमि पर अंकित किया जाएगा।
- इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग के लिए चार्जिंग स्टेशन और ट्रेफिक सिग्नल पर फ्री लेफ्ट टर्न के नए चिह्न जारी किए गए हैं।
- पर्यटन स्थल के लिए भी नया चिह्न प्रकाशित किया गया है। इस पर संबंधित पर्यटन स्थल की फोटो के साथ डार्क ब्ल्यू कलर होगा।
- घुमाव वाली सड़कों पर मिलने वाली सड़कों के बारे में वाहन चालकों को सचेत करने के लिए कई नवीन चेतावनी चिह्नों को शामिल किया गया है।
- सड़क चिह्नों के नवीन मैन्युअल में प्रथमत: नो स्टैंडिंग तथा नो पार्किंग के अन्तर को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। उपरोक्त के अलावा भी अन्य सुधार किए गए हैं। इस प्रकार संशोधन किया गया है–




**News Paper of 15 September, 2022**

- **जयपुर में रोबोटिक मशीनों से सीवरलाइनों की सफाई शुरू हुई–**

हाल ही में 15 सितंबर, 2022 से जयपुर में (ग्रेटर नगर निगम) शहर की सीवरेज लाइनों की सफाई रोबोटिक मशीनों से शुरू की गई है। यह मशीन महज 30 सेकण्ड में 50 किलो मलबा सीवर लाइन से बाहर निकालेगी। इस मशीन की कीमत ₹ 39.52 लाख है।

- **सर्वश्रेष्ठ राजकीय माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालय पुरस्कार योजना के तहत राजस्थान के 327 स्कूलों का चयन हुआ–**

हाल ही में सर्वश्रेष्ठ राजकीय माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालय पुरस्कार योजना के तहत शिक्षा सत्र 2020-21 में किए गए विकास कार्यों के आधार पर राज्य के 327 स्कूलों का चयन किया गया है। इसमें राज्य स्तर पर 6, जिला स्तर पर 68 तथा ब्लॉक स्तर पर 253 स्कूलों का चयन किया गया है।

सर्वश्रेष्ठ स्कूल के चयन का निर्धारण करने में स्कूल की भौतिक सुविधाएं, शिक्षण गतिविधियां, स्टाफ व विद्यार्थियों का व्यवहार, खेल मैदान, बिजली-पानी की सुविधा, बालक-बालिकाओं के अलग-अलग शौचालय और व्यवस्थित कक्षा कक्ष को शामिल किया गया है।

राज्य स्तर पर पुरस्कार के लिए चयनित 6 स्कूल निम्न हैं–

1. महात्मा गांधी स्कूल, नांगल, सुसावतान, जयपुर
2. राजकीय सैकण्डरी स्कूल, पेरवा, सिरोही
3. राजकीय बालिका सी. सै. स्कूल, मोहता, राजगढ़, चूरू
4. राजकीय सैकण्डरी स्कूल, मारलावदा, झालावाड़
5. राजकीय सी. सै. स्कूल, जरोदा, नागौर
6. राजकीय सैकण्डरी स्कूल, नाउगया, भरतपुर।

- **राजस्थान में 2 अक्टूबर से वन्यजीव सप्ताह मनाया जाएगा–**

हाल ही में हुई वन्यजीव मंडल की 13वीं बैठक में वन्यजीव संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल किया गया है तथा वन्यजीव संरक्षण सप्ताह 2 अक्टूबर से मनाया जाएगा, जिसमें वन्यजीव संरक्षण के लिए कार्य किए जाएंगे।

- **राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह S.M.S. मेडिकल कॉलेज जयपुर में मनाया गया; डॉ. गुंजन गर्ग व गोपाल काबरा को 'हिन्दी सेवा पुरस्कार' से सम्मानित तथा हिन्दी विषय में शत-प्रतिशत अंक लाने वाले 395 बच्चों को**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**सम्मानित किया गया–**

14 सितम्बर, 2022 को राजस्थान का राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. गुंजन गर्ग एवं डॉ. गोपाल काबरा को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट लेखन के लिए 'हिन्दी सेवा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया तथा हिन्दी विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 393 छात्रों को भी सम्मानित किया गया।

हिन्दी सेवा पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपए की राशि दी जाती है। इस अवसर पर 'भाषा विमर्श' के स्वर्ण जयंती विशेषांक का विमोचन भी किया गया।

## News Paper of 16 September, 2022

- **राजस्थान RTDC की शाही रेलगाड़ी 'पैलेस ऑन व्हील' 12 अक्टूबर, 2022 से पुनः शुरू होगी–**

राजस्थान प्रदेश सांस्कृतिक राजदूत के रूप में देशी, विदेशी पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय रहने वाली 'पैलेस ऑन व्हील्स' शाही रेलगाड़ी को राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) 12 अक्टूबर, 2022 से पुनः प्रारम्भ कर रहा है। यह शाही रेलगाड़ी कोविड-19 के कारण वर्ष 2020 (2.5 वर्ष पहले) में बंद कर दी गई थी।

यह ट्रेन कुल 82 बर्थ की है जिसे भारत सरकार ने अब 'भारत गौरव ट्रेन' के लिए निर्धारित नीति के अनुसार पीपीपी मोड पर संचालन की अनुमति दी है।

## News Paper of 18 September, 2022

- **राजस्थान के पूर्व डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) विजय कृष्ण थानवी का निधन हुआ–**

17 सितम्बर, 2022 को राजस्थान के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विजय कृष्ण थानवी का निधन हो गया। वे 1959 बैच के आईपीएस अधिकारी थे तथा वे वर्ष 1992 में राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रहे थे।

- **गोवंश में लम्पी रोग की रोकथाम के लिए 200 क्वारंटीन सेंटर शुरू होंगे–**

गोवंश में फैल रहे लम्पी रोग के संक्रमण की रोकथाम के लिए राज्य में 200 नए क्वारंटीन सेंटर शुरू होंगे। यह कार्य राजस्थान गौसेवा समिति व लोकपुण्यार्थ न्यास गोधाम, पथमेड़ा की देखरेख में होगा।

राजस्थान सरकार ने लम्पी रोग की रोकथाम के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया है जिसमें डॉक्टर ऑनलाइन परामर्श दे रहे हैं।

- **राजस्थान सरकार ने हस्तशिल्प (हैंडीक्राफ्ट) नीति, 2022 एवं एमएसएमई नीति, 2022 जारी की–**

17 सितम्बर, 2022 को उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार ने हैंडीक्राफ्ट (हस्तशिल्प) नीति, 2022 एवं एमएसएमई नीति, 2022 जारी की। इन नीतियों में हस्तशिल्प उद्योग, हस्तशिल्पियों और छोटे उद्योगों को वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा संबंधी कई प्रावधान किए गए हैं। नई हस्तशिल्प नीति, 2022 से हस्तशिल्प क्षेत्र में 5 वर्षों में 50 हजार से अधिक नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे तथा एमएसएमई नीति, 2022 से एक लाख लोगों को रोजगार और 20 हजार नई एमएसएमई इकाइयां स्थापित होने की संभावना है।

एमएसएमई नीति-2022 एवं हस्तशिल्प नीति-2022 उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने जारी की।

**एमएसएमई नीति-2022**

- ♦ एमएसएमई नीति के तहत सूक्ष्म श्रेणी की इकाइयों को दुर्घटना की स्थिति में मुफ्त रिस्क कवर का प्रावधान है। जबकि लघु और मध्यम श्रेणी की इकाइयों को भी रियायती बीमा प्रीमियम पर मुख्यमंत्री एमएसएमई सुरक्षा योजना का लाभ दिया जाएगा।
- ♦ इसमें छोटे और लघु उद्यमियों के लिए कई प्रकार की रियायतों के साथ समग्र विकास व निर्यात के प्रोत्साहन के प्रावधान लाए गए हैं।
- ♦ एक समान प्रकृति के उद्योगों को हर जिले में क्लस्टर बनाकर विकसित किया जाएगा।
- ♦ इस नीति में समान प्रकृति की इकाइयों के लिए श्रमिकों के कौशल विकास के प्रावधान भी किए गए हैं।

**हस्तशिल्प (हैंडीक्राफ्ट) नीति-2022**

- ♦ हैंडीक्राफ्ट नीति में हस्तशिल्पियों व दस्तकारों को तीन लाख तक के ऋण पर पूरा ब्याज सरकार की ओर से वहन करने का प्रावधान है।
- ♦ इसमें 18 से 50 वर्ष के हस्तशिल्पियों का सामूहिक बीमा का प्रावधान भी किया गया है।
- ♦ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत दस्तकारों, बुनकरों के बच्चों को मान्यता प्राप्त हस्तशिल्प संस्थान से डिग्री, डिप्लोमा करने पर छात्रवृत्ति का प्रावधान भी किया गया है।
- ♦ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना में शिल्पकारों के अंश का भुगतान सरकार द्वारा किया जाएगा।
- ♦ जो हस्तशिल्पी पंजीकृत होंगे उनको रेल, बस के किराए में छूट अथवा किराए के भुगतान का प्रावधान भी इस नीति में है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **पैरा एथलेटिक देवेन्द्र झाझड़िया ने मोरक्को में आयोजित वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांप्री में रजत पदक जीता–**

हाल ही में पैरा एथलेटिक देवेन्द्र झाझड़िया ने मोरक्को के मारकेच सिटी में आयोजित वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांप्री में रजत पदक जीता है। उन्होंने जेवेलिन थ्रो स्पर्धा में 60.97 मीटर तक थ्रो कर यह उपलब्धि अपने नाम की है।

देवेन्द्र झाझड़िया तीन बार पैरालंपिक पदक विजेता भी रह चुके हैं।

- **राजस्थान सरकार ने एमएसएमई दिवस पर जयपुर की लूणावत जैम्स को एक्सपोर्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया–**

17 सितम्बर, 2022 एमएसएमई दिवस पर राजस्थान सरकार द्वारा प्रीशियस और सेमी प्रीशियस स्टोन सेगमेंट में जयपुर की लूणावत जैम्स को हाईएस्ट ग्रोथ कैटेगरी में वर्ष 2019-20 के लिए निर्यात पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार राजस्थान सरकार की उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने प्रदान किया।

## News Paper of 19 September, 2022

- **मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 512 नई इंदिरा रसोई का शुभारम्भ किया; राजस्थान में अब इंदिरा रसोई की संख्या 870 हो गई है; इंदिरा रसोई योजना में मात्र ₹ 8 में एक थाली भोजन मिलता है–**

18 सितम्बर, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में 512 नई इंदिरा रसोई का शुभारम्भ किया। अब राज्य में कुल 870 इंदिरा रसोई हो गई हैं। इंदिरा रसोई योजना में मात्र ₹ 8 में एक थाली भोजन मिलता है जिसमें दाल, रोटी, सब्जी, अचार शामिल होता है। प्रति थाली पर ₹ 17 का अनुदान (पूर्व में ₹ 12) राजस्थान सरकार द्वारा दिया जा रहा है।

इंदिरा रसोई योजना 'कोई भूखा न सोए' के संकल्प के साथ 20 अगस्त, 2020 को शुरू की गई थी।

- **जोधपुर में क्रिकेट अकादमी स्थापित करने की घोषणा की गई–**

हाल ही में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की क्रिकेट अकादमी स्थापित करने की घोषणा की है। क्रिकेट अकादमी खुलने से खेल प्रतिभाओं व खिलाड़ियों को पहले से बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

## News Paper of 20 September, 2022

- **सीनियर स्टेट क्रिकेट चैंपियनशिप (काल्विन शील्ड) जयपुर ने जीती; फाइनल मैच में कोटा को हराया–**

हाल ही में उदयपुर में आयोजित सीनियर स्टेट क्रिकेट चैंपियनशिप (काल्विन शील्ड) जयपुर ने जीती है। फाइनल मैच में जयपुर ने कोटा को हराया। जयपुर ने काल्विन शील्ड 2012 के पश्चात् 10 वर्ष बाद जीती है।

## News Paper of 21 September, 2022

- **इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना के तहत राजस्थान के 7 बाल वैज्ञानिक राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित–**

हाल ही में इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना के तहत 9वीं राष्ट्र स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में राजस्थान के 7 बाल वैज्ञानिक राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुए हैं जिनमें चार छात्राएँ एवं तीन छात्र शामिल हैं।

राजस्थान से विद्यार्थियों ने 550 से अधिक नवाचारों का प्रदर्शन किया था जिसमें से 60 नवाचारों को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए 7 बाल वैज्ञानिकों का इंस्पायर अवॉर्ड योजना में चयन कर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## News Paper of 22 September, 2022

- **राजस्थान विधानसभा में 'राजस्थान अधिवक्ता कल्याण निधि' (संशोधन) विधेयक, 2020 पारित हुआ–**

21 सितम्बर, 2022 को राजस्थान विधानसभा में 'राजस्थान अधिवक्ता कल्याण निधि' (संशोधन) विधेयक, 2020 पारित हुआ। इसके अनुसार निम्न बदलाव हुए–

- ♦ वकालत के अनुभव के आधार पर मिलने वाली राशि पूर्व के ₹ 50 हजार से ₹ 8 लाख को अब ₹ 50 हजार से ₹ 15 लाख तक किया गया है। अधिकतम राशि 40 वर्ष की सेवा पर मिलती थी अब इसे 50 साल की सेवा पर किया गया है।
- ♦ मृत्यु होने पर ₹ 2.5 लाख की बजाय ₹ 5 लाख मिलेंगे।
- ♦ साधारण बीमारी पर ₹ 40 हजार की बजाय ₹ 80 हजार मिलेंगे।
- ♦ गंभीर बीमारी पर ₹ 1 लाख रुपए की बजाय 2 लाख रुपए मिलेंगे।

उपरोक्त राशि अधिवक्ता कल्याण कोष से देय होगी। वकालतनामा पर टिकट ₹ 25 से ₹ 100 किया गया है जिसकी राशि अधिवक्ता कल्याण कोष में जमा होगी।

## News Paper of 25 September, 2022

- **आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर में राजस्थान सरकार ने विभिन्न श्रेणियों में यूजी व पीजी कोर्स में आयुर्वेद विद्यार्थियों का स्टाइपेंड और इंटर्न भत्ते में बढ़ोत्तरी की–**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

हाल ही में राजस्थान सरकार ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के विभिन्न श्रेणियों के छात्रों के स्टाइपेंड व इंटर्न अलाउंस में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

नए प्रस्तावित स्टाइपेंड और भत्ते–

(₹ प्रतिमाह में)

| कोर्स | वर्तमान राशि | बढ़ी हुई राशि |
|---|---|---|
| पीजी प्रथम वर्ष | 19,000 | 55,200 |
| पीजी द्वितीय वर्ष | 20,000 | 58,650 |
| पीजी तृतीय वर्ष | 21,000 | 60,950 |
| यूजी कोर्स | 7,000 | 14,000 |

## News Paper of 28 September, 2022

- **राजस्थान के 716 विद्यालय 'पीएमश्री' योजना के तहत अपग्रेड/विकसित होंगे–**

केन्द्र सरकार की प्राइम मिनिस्टर स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएमश्री) योजना के तहत राजस्थान के 716 विद्यालय अपग्रेड/विकसित होंगे।

♦ इन स्कूलों में नवीनतम तकनीक, स्मार्ट क्लास, खेल, आधुनिक सुविधाओं पर फोकस होगा।
♦ इनके लिए कुल ₹ 1500 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है।
♦ इन स्कूलों का संचालन राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना से होगा।
♦ यह सभी स्कूल मॉडल स्कूल बनेंगे और इनका विकास और उन्नयन तथा पढ़ाई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप होगी।
♦ योजना के माध्यम से अपग्रेड किए गए स्कूलों में शिक्षा प्रदान करने का एक आधुनिक परिवर्तनकारी और समग्र तरीका अपनाया जाएगा।
♦ योजना में शामिल किए गए स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी घटकों की झलक दिखाई देगी।

- **राजस्थान सरकार ने राज्य में प्रतिदिन 5000 से अधिक जल कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया–**

हाल ही में राजस्थान सरकार ने राज्य में प्रतिदिन 5000 से अधिक जल कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्तमान में प्रतिदिन जारी हो रहे जल कनेक्शन की संख्या 3250 तक है जिसे 5000 प्रतिदिन तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। 2 अक्टूबर, 2022 को होने वाली ग्राम सभाओं में शत-प्रतिशत जल कनेक्शन वाले गांवों को 'हर घर जल' गांव प्रमाण-पत्र वितरित होंगे।

- **जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) के 16वें संस्करण का अयोजन 19 से 23 जनवरी, 2023 को आमेर (जयपुर) में प्रस्तावित–**

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) के 16वें संस्करण का आयोजन 19 से 23 जनवरी, 2023 को आमेर (जयपुर) में आयोजित होगा। इस साहित्योत्सव में साहित्य, संवाद, संगीत, प्रस्तुति, कला और स्थानीय व्यंजनों से रूबरू कराया जाएगा।

इस फेस्टिवल में दुनियाभर के प्रसिद्ध अवॉर्ड विनर अपनी पुस्तकों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसमें नोबल, बुकर, पुलित्जर, साहित्य अकादमी, वीमेन्स प्राइज और वैली गिफर्ड से सम्मानित वक्ता होंगे।

- **परिवहन विभाग, राजस्थान सरकार के आदेशानुसार कार में पिछली सीट पर बेल्ट लगाना अनिवार्य किया गया; उल्लंघन करने पर ₹ 1000 का चालान होगा–**

हाल ही में 27 सितम्बर, 2022 को परिवहन विभाग, राजस्थान सरकार ने यह आदेश जारी किया है कि कार में फ्रंट सीट के साथ ही पिछली (बैक) सीट पर बैठने वाले यात्रियों को भी सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य होगा। सड़क परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार इस संबंध में पूर्व में आदेश जारी कर चुकी है। परिवहन विभाग, राजस्थान सरकार के आदेश के अनुसार केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 के नियम 125(1) (क) के अनुसार एम-1 श्रेणी के वाहनों (चालक के अतिरिक्त अधिकतम आठ सीटर यात्री वाहन) में फ्रंट सीट के अलावा फ्रंट फेसिंग रीयर सीट पर बैठे यात्रियों को सीट बेल्ट लगानी अनिवार्य है। यदि पिछली सीट पर बैठे यात्री सीट बेल्ट नहीं लगाते हैं तो उनका चालान काटा जाएगा।

## News Paper of 29 September, 2022

- **2 अक्टूबर को सूखा दिवस घोषित किया गया–**

हाल ही में राजस्थान सरकार ने 2 अक्टूबर, 2022 'महात्मा गांधी जयंती' को सूखा दिवस घोषित किया है। सूखा दिवस के दिन प्रदेश के जिलों में अधिकारी और कर्मचारी निगरानी करेंगे।

- **2 अक्टूबर को राजस्थान के हर गांव-वार्ड में चिरंजीवी सभाओं का आयोजन–**

राजस्थान में 2 अक्टूबर, 2022 को चिरंजीवी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सभी जिलों की प्रत्येक ग्राम

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

पंचायत एवं नगरीय वार्ड पर चिरंजीवी ग्राम/वार्ड सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

राजस्थान में 1 मई, 2021 से 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना' की शुरुआत की गई। इस योजना के तहत आमजन को 10 लाख रुपए प्रति परिवार प्रति वर्ष के स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

## News Paper of 30 September, 2022

- **राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज मैनेजमेंट बोर्ड (आरडब्ल्यूएसएसएमबी) ने ₹ 3106 करोड़ की वृहद परियोजना को मंजूरी दी; भरतपुर-धौलपुर के 1,085 गांवों को चम्बल का पानी मिलेगा–**

29 सितम्बर, 2022 को राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज मैनेजमेंट बोर्ड (आरडब्ल्यूएसएसएमबी) की वित्त समिति ने भरतपुर जिले के 8 शहरो एवं 953 गांवों व धौलपुर जिले के 132 गाँवों (कुल 1085) को चम्बल नदी का पानी उपलब्ध कराने के लिए ₹ 3106 करोड़ की चम्बल-धौलपुर-भरतपुर वृहद पेयजल परियोजना को मंजूरी दी है।

भरतपुर जिले के 8 शहर भरतपुर, रूपवास, उच्चैन, कुम्हेर, डीग, नगर, कामां एवं सीकरी हैं। इनकी अनुमानित आबादी 37 लाख 89 हजार को वर्ष 2054 तक पेयजल से लाभान्वित किया जाएगा।

- **राजस्थान के आठ विश्वविद्यालयों में राज्यपाल ने कुलपति की नियुक्ति की–**

30 सितम्बर, 2022 को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने आठ विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्त किए। ये निम्न हैं–

- डॉ. अभय कुमार व्यास को कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
- प्रो. बगदा राम चौधरी को कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर।
- डॉ. अरुण कुमार को स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर।
- प्रो. रामसेवक दुबे को जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर।
- डॉ. अजीत कुमार को महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्यागिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर।
- प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृषणन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर।
- प्रो. कैलाश सोढाणी को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा।
- डॉ. बलराम सिंह को श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर (जयपुर)।

- **मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'सौर कृषि आजीविका योजना' को मंजूरी दी; अनुपयोगी कृषि भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर सकेंगे किसान–**

हाल ही में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किसानों को अपनी अनुपयोगी अथवा बंजर कृषि भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में सहायता के लिए 'सौर कृषि आजीविका योजना' को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत किसानों को अपनी अनुपयोगी भूमि लाभकारी लीज दर पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए देकर आजीविका उपार्जित करने में सुविधा होगी। इस योजनान्तर्गत ऑनलाइन पोर्टल भी विकसित किया गया है।

संजीव प्रकाशन

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com


संजीव®
47 वर्षों
से आपका विश्वसनीय
आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी
राजस्थान में आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु
संजीव प्रकाशन
द्वारा प्रकाशित पुस्तकों से अध्ययन कर सफलता प्राप्त करें।
राजस्थान समान पात्रता परीक्षा
CET - 2022
राजस्थान सामान्य ज्ञान
अध्यापक ग्रेड III
राजस्थान
शिक्षक ग्रेड II
पेपर-I
सामान्य ज्ञान एवं शैक्षिक मनोविज्ञान
जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2023
वनपाल / वनरक्षक
11 प्रैक्टिस टैस्ट पेपर्स
शिक्षक ग्रेड II
पेपर-I
20 प्रैक्टिस टैस्ट पेपर्स
शिक्षक ग्रेड II
पेपर-II सामाजिक विज्ञान
15 प्रैक्टिस टैस्ट पेपर्स
Quality Education App
की टीम द्वारा तैयार
प्रैक्टिस पेपर्स से
तैयारी कर अपनी सफलता
सुनिश्चित करें।
मनोहर सिंह कोटड़ा
एस.आर.आँजणा एवं
दीपा रत्नू
की सर्वोपयोगी पुस्तकें उपलब्ध
राजस्थान सार संग्रह
राजस्थान सामान्य ज्ञान Notes Handbook
राजस्थान सामान्य ज्ञान
गागर में सागर
संजीव वेबसाइट से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क डाउनलोड करें।
प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर
Visit us at : www.sanjivprakashan.com
SHAKUN

16x25 sqcm